तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
800 की आबादी वाला गांव जोह रहा सड़क निर्माण की बाट



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# बांगो बांध में प्रतिदिन 10 हजार क्यूसेक आ रहा है पानी तो हाईडल से 9 हजार हो रहा है डिस्चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध छलकने के कगार पर पहुंच चुका है लेकिन पिछले 15 दिनों से स्थिति स्थिर बनी हुई है क्योंकि बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को पूरे रफ्तार से चलाया जा रहा है। जिसके चलते बांध में जितना पानी प्रतिदिन आ रहा है लगभग उतना ही पानी हाइडल प्लांट के माध्यम से हसदेव नदी में डिस्चार्ज हो रहा है। जिसकी वजह से ऐसी स्थिति बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध बनाया गया है। जिसकी कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 357.72 मीटर जा पहुंचा है और बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं है। लगातार बांध के कैचमेंट इलाके पड़ोसी जिले सरगुजा, कोरिया सहित अन्य क्षेत्र से कैचमेंट इलाके में लगातार पानी आ रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो बांगो बांध के कैचमेंट इलाके से अमूमन प्रतिदिन 10 से 12 हजार क्यूसेक पानी बांगो बांध में आ रहा है जबकि बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 72 घंटे पूरे लोड पर संचालित किया जा रहा है। जिससे 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। हाइडल प्लांट को पूरे लोड में चलाने की वजह से पिछले 15 दिनों से बांगो बांध का वाटर लेवल 357 मीटर के आसपास ही बना हुआ है। जल संसाधन विभाग अभी तो यही प्रयास कर रहा है कि गेट को खोलने की नौबत ना आए और अधिक से अधिक हाइडल प्लांट को संचालित कर बिजली पैदा की जा सके। जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांगो बांध के वाटर लेवल पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## बांगो बांध लबालब होने के करीब, हाईडल फुल लोड पर



### गेट खोलने की आ सकती है नौबत

बांगो बांध लगभग भरने के करीब पहुंच चुका है। कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है और अब बांध को भरने में मात्र कुछ मीटर ही शेष है। यदि 24 घंटे भी बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में तेज बारिश हो गई तो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और 24 घंटे में ही बांध भर सकता है। हालांकि अभी मौजूदा स्थिति में जल संसाधन विभाग के अधिकारी जितना पानी बांध में आ रहा है उतना पानी है हाइडल प्लांट के माध्यम से डिस्चार्ज कर वाटर लेवल को किसी तरह मैनेज कर रहे हैं ताकि बांगो बांध के गेट को खोलने की नौबत ना आए लेकिन आने वाले कुछ दिनों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। यदि कैचमेंट इलाके से बांध में पानी आने का सिलसिला तेज हुआ तो ऐसी स्थिति में कभी भी बांध के गेट खोलने की नौबत आ सकती है।

## खबर संक्षेप

### महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** केन्द्र सरकार की योजना वोमेन फार ट्री के तहत शुक्रवार को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने निगम के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। वहीं समूह की सदस्य महिलाओं ने इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन व देखरेख किए जाने का संकल्प लिया। केन्द्र सरकार के योजना अमृत 2.0 मिशन के तहत वोमेन फार ट्री पहल अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं महिला भागीदारी को इस कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जो भारत सरकार की एक पेड़ माँ के नाम मुहिम से प्रेरित है।

### पत्रकार सोसायटी की सामान्य सभा 7 को

**कोरबा।** पत्रकार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित की आवश्यक बैठक व सामान्य सभा 7 सितंबर की प्रातः 11:30 बजे तिलक भवन प्रेस क्लब में आहूत की गई है, संस्था के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने सभी सदस्यों से इस महत्वपूर्ण बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने अपील की गई है।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** दीपका नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष स्व.बुगल कुमार दुबे के जन्मदिन के अवसर पर नगर में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मणि कंचन केंद्र में स्वच्छता दीदियों को साड़ी वितरण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, भवदीप दुबे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज दुबे, महामंत्री धरम तिवारी, मुकेश जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद ज्योति तिवारी, पार्षद सविता कंवर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सत्यम यादव, आनंद चौकसे, प्रशांत शर्मा, विकास सोनी, कुसुमलता केवट, सुभद्रा यादव, हनुमान जोशी, सोनू जायसवाल, अभिषेक तिवारी, मधु राठौर, धनसिंह यादव, अरुण शर्मा, लड्डन खान, संतोष रजवाड़े सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए।

### सरस काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सरस काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिससे वातावरण में राष्ट्रभक्ति और साहित्यिक सांस्कृतिक भाव का समावेश हुआ। मंच पर संरक्षक यूनुस दानियाल पुरी, कमलेश कुमार यादव एवं मुकेश चतुर्वेदी के साथ अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष बलराम राठौड़ तथा सचिव डॉ. केके चंद्रा, अनुसुइया श्रीवास की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जांजगीर-नैला से पधारे डॉ. प्रमोद कुमार आदित्य विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में उपस्थित साहित्यकारों को साहित्य सेवा के लिए प्रेरित किया।

## ठेका श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ खोला है मोर्चा

# एनटीपीसी सीपत के ठेका श्रमिकों का प्रदर्शन जारी, रेल रोको आंदोलन फिलहाल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देव शिल्पी मजदूर कल्याण समिति के नेतृत्व में एनटीपीसी सीपत बिलासपुर के अंतर्गत काम करने वाले ठेका श्रमिकों ने वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ठेका श्रमिकों ने मांगे पूरी नहीं होने पर रेल रोक कर कोयला परिवहन बाधित करने की चेतावनी दी थी। हालांकि तय तिथि पर ठेका श्रमिकों ने रेल रोको आंदोलन स्थगित कर दिया है। संभावना जताई जा रही है आने वाले दिनों में ठेका श्रमिक रेल मार्ग से कोयला परिवहन बाधित कर सकते हैं।

एनटीपीसी सीपत में कार्यरत ठेका श्रमिकों का कहना है कि पिछले 17 साल से रेलवे प्लेटफार्म, यार्ड, गेट मैन सहित अन्य जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके बावजूद 12-13 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है, इस काम में 400 से अधिक मजदूर कार्यरत हैं। समिति ने चेतावनी दी थी कि मांगे पूरी नहीं हुई तो 3 सितंबर से रेलवे लाइन जाम कर आंदोलन करेंगे। रेल रोको आंदोलन कर कोल रेलवे साइड से मालगाड़ी की आवाजाही बंद करेंगे। हालांकि बुधवार को अपरिहार्य कारणों से ठेका श्रमिकों ने रेलवे लाईन जाम आंदोलन फिलहाल टाल दिया है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन-प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन से बार-बार आग्रह के बावजूद मजदूरी दर संशोधित नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर ठेका ठेका श्रमिकों में नाराजगी है और वह 28 अगस्त से आंदोलन, धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 17 साल से वेतन नहीं बढाया गया है। विरोध करने पर काम से निकालने की धमकी दी जाती है। कर्ज लेकर अपना घर चला रहे हैं। हमें कम से कम 25 से 30 हजार का वेतन मिलना चाहिए। केंद्र से तय दर पर मजदूरी मिलना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है. ठेका श्रमिकों को न मेडिकल सुविधा मिल रही है, और न ही उनका किसी तरह का कार्ड बना है। ठेका श्रमिकों के साथ कोई दुर्घटना हो जाए तो कोई राहत या मुआवजा भी नहीं मिलता है।

**खास बात**

- 17 साल से कर रहे नौकरी, महज 12-13 हजार रुपए मिल रहा वेतन



आंदोलनकारी ठेका श्रमिक।

### निर्धारित दर पर नहीं मिलती मजदूरी

ठेका श्रमिकों का आरोप है कि दीपका साइलो से सीपत तक रेलवे लाइन पर काम करने वाले ठेका श्रमिकों का लंबे समय से शोषण हो रहा है। 400 से अधिक ठेका मजदूर कार्यरत हैं जिनमें से अधिकांश भू-विस्थापित है। मजूदरों को तय दर पर मजदूरी नहीं दी जा रही है। जब उनकी जमीन ली गई थी तब उन्हें कहा गया था कि एनटीपीसी में नौकरी देंगे, लेकिन अब हमें ठेका मजदूर बना दिया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि, मजदूरी बढ़ाने की मांग पर एनटीपीसी द्वारा कहा जाता है कि मजदूरी बढ़ाना केंद्र सरकार का काम है। जब उनकी जमीन ली गई थी तब तो एनटीपीसी ने ली थी। केंद्र सरकार उनकी जमीन लेने नहीं आई थी।

# हैवी ब्लास्टिंग से भरभरा कर गिरी मंदिर की छत



मंदिर की छत का गिरा प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम हरदीबाजार में सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे के निवास में स्थित भगवान शिवजी के मंदिर का छत एसईसीएल दीपका प्रोजेक्ट द्वारा किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग से भरभरा कर गिर गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि इस दौरान मंदिर में कोई नहीं था। एसईसीएल दीपका प्रोजेक्ट के निकट स्थित ग्राम हरदीबाजार से कोयला खदान महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। जिसमें कोयला उत्खनन करने किये जा रहे हैवी ब्लास्टिंग से आये दिन ग्राम वासियों के मकानों की छत टूट रही है, तो बोर व कुआं जमींदोज हो रहे हैं लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। इस संबंध में ग्राम वासियों द्वारा अनेकों बार जिला प्रशासन, स्थानीय तहसीलदार एवं एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में अजय कुमार दुबे का कहना है, कि एसईसीएल दीपिका प्रबंधन द्वारा तत्काल मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाये एवं हैवी ब्लास्टिंग बंद करें। अन्यथा समस्त ग्रामवासियों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं एसईसीएल दीपका प्रबंधन की होगी।

# मुख्यमंत्री कोरबा में लेंगे मध्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आगामी 10 सितंबर को जिले में मध्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की बैठक लेंगे जिसमें 12 जिलों के कलेक्टर का जमावड़ा जिला मुख्यालय में होगा। इनके अलावा लगभग सौ अन्य डेलीगेड्स भी शामिल होंगे।



विष्णुदेव साय

जिला प्रशासन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली मध्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की बैठक में जुट गया है। प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें मध्यक्षेत्रीय विकास प्राधिकरण में शामिल 12 जिलों के कलेक्टर उपस्थित होंगे। इनमें गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार, भाटापारा, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, मुगेंली, बिलासपुर, रायगढ़ एवं चांपा जांजगीर जिला शामिल हैं। बैठक में शासन द्वारा स्वीकृत योजनाएं और कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में इन 12 जिलों के वे सदस्य भी शामिल होंगे जो मध्य क्षेत्रीय प्राधिकरण विकास समिति के सदस्य के रुप में शामिल किए जाएंगे। जो एजेंडा रखा गया है उनमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन व वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट की जानकारी तथा बीते चार वर्षों के दौरान प्राधिकरण से स्वीकृत हुए कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### विकासखंड में होंगे वरिष्ठजनों के मूल्यांकन शिविर

**कोरबा।** जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु विभिन्न विकासखंडों में 11 से 18 सितंबर तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 11 सितंबर को मंगल भवन पाली, 12 सितंबर को सद्भावना भवन पोड़ी उपरोड़ा, 15 सितंबर को सद्भावना भवन कटघोरा, 16 सितंबर को सद्भावना भवन करतला, 17 सितंबर को भारत भवन भैसमा एवं 18 सितंबर को नगर निगम के बालको मैत्री संघ भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठजनों को वांछनीय दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। जिसमें आय प्रमाण पत्र, सभी स्त्रोतों से मासिक आय 14500 प्रतिमाह से कम होना चाहिए। इसी प्रकार आवासीय प्रमाण पत्र आधार/राशन कार्ड लाना होगा। साथ ही वरिष्ठ जनों की आयु 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

# मेहमानी में भतीजे के घर आई वृद्धा की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला अपने भतीजे के घर रिश्तेदारी में आयी थी जिसकी लाश गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला बिलासपुर के बेलतरा निवासी चंदर बाई श्याम 65 वर्ष 4 दिनो पूर्व पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बतरा के झोरकीपारा में अपने भतीजे के घर मेहमानी मे आयी थी जिसकी लाश गांव के खेत में संदिग्ध अवस्था में मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव और सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट कोरबा की टीम भी पहुंची। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. राजश्री सिंह, महिला आरक्षक रूबिना बेगम और आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की। टीम ने मौके से संदिग्ध साक्ष्य और अहम सुराग जब्त कर लिए जिन्हें एफएसएल जांच के लिए भेजा जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। महिला की मौत के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लोगों का कहना है कि यह साधारण मौत नहीं बल्कि हत्या का मामला भी हो सकता है। वहीं पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि महिला की मौत संभवतः गिरने से भी हो सकती है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।



वृद्धा का शव देखते परिजन।

### पेट्रोल पंप के पास मृत अवस्था में मिला व्यक्ति



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपीनगर आरबी पेट्रोल पम्प के सामने जय भारत अर्थ मूवर्स के बरामदा मे एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। मृतक की उम्र लगभग 50-55 वर्ष है। मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर लाश को जिला अस्पताल कोरबा मरच्युरी मे सुरक्षित रखा गया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने आमजन से अपील की है कि यदि मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो पुलिस सहायता केंद्र सीएसईबी के मोबाइल नंबर 9098118944 में सुचित करने का कष्ट करें।


## ईपीएफओ ने बदला नियम, पहले 6 महीने के अंदर नौकरी छोड़ने पर नहीं मिलता था पेंशन

# एक माह भी की नौकरी तो मिलेगा पेंशन का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्मचारियों की पेंशन को लेकर ईपीएफओ ने एक बड़ा बदलाव किया है। अब छह महीने से कम अवधि तक भी नौकरी करके छोड़ने वाले व्यक्तियों को ईपीएस का लाभ दिया जाएगा। इन लोगों को अब अपनी पेंशन में कंट्रीब्यूशन खोना नहीं पड़ेगा।

रिटायरमेंट फंड जुटाने वाली संस्थान ने ईपीएस नियम के तहत पहले कोई भी सर्विस, जो 6 महीने के अंदर खत्म होती थी उसे जिरो कम्पलीट ईयर के परिणाम में पेंशन मिलने के उपयोग नहीं मानती थी और 5 महीने तक नौकरी करके छोड़ने वालों को पेंशन का अधिकार नहीं दिया जाता था। हालांकि अब नए नियमों के तहत अप्रैल-मई 2024 के दौरान जारी किए गए एक सर्कुलर में ये अधिकार दे दिया गया है। ईपीएफओ ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर कोई व्यक्ति एक महीने की भी सेवा पूरी करता है और ईपीएस के तहत योगदान देता है तो उसे भी ईपीएस के तहत पेंशन का अधिकार होगा। इस बदलाव से बहुत लोगों को राहत मिलने वाली है। खासकर बीपीओ, लॉजिस्टिक्स और अनुबंध स्टाफिंग को, जहां जल्दी निकासी सामान्य है। यह युवा कर्मचारियों को नौकरी के हितों की रक्षा करेगा। ये उन सभी के लिए काफी लाभदायक साबित होगा, जो काफी कम समय के लिए किसी कंपनी को ज्वाइन करते हैं। मान लीजिए अगर किसी ने एक महीने तक ही नौकरी की और फिर नौकरी नहीं कर पाए, फिर उसे पीएफ का पैसा तो मिल सकता है, लेकिन ईपीएस में कंट्रीब्यूशन समाप्त हो जाएगा। ऐसे में यह नियम उन कर्मचारियों के लिए लाभदायक होगा।





फाइल फोटो

### नहीं मिला पेंशन, तो ईपीएफओ में करें शिकायत

अगर आपने 6 महीने के अंदर इस्तीफा दिया है तो ईपीएस योगदान के लिए अपने पीएफ पासबुक की जांच करें और अगर आपको पेंशन का हिस्सा नहीं दिया गया है, तो 2024 के स्पष्टीकरण का उल्लेख करते हुए ईपीएफओ को शिकायत करें। आवेदन करते वक्त अपने पासबुक का स्क्रीनशॉट या पीडीएफ सेव कर लें। अक्सर देखा गया है कि कम उम्र के सेवा वाले कर्मचारियों को ईपीएस फंड निकालने की अनुमति नहीं दी जाती थी, जिससे उनका कंट्रीब्यूशन वहीं फंसा रह जाता था, लेकिन ईपीएफओ के इस बदलाव ने इन लोगों को भी ये अधिकार दिया है।

# आत्महत्या के लिए किया मजबूर आरोपी पति को 5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी मयाराम रोहिदास उम्र 35 वर्ष पिता भगतराम रोहिदास के विरुद्ध पुलिस ने 22 सितंबर 2019 को आरोपी मयाराम रोहिदास शराब पीकर अपनी पत्नी मृतिका ललिता रोहिदास को मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित किया। जिसके बाद मृतिका ललिता रोहिदास अपने उपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली। जिस पर पुलिस ने आरोपी मयाराम रोहिदास के विरुद्ध अपराध धारा 306 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जिसकी सुनवाई माननीय न्यायालय श्रीमती मधु तिवारी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा में चल रही थी। जिसमें न्यायाधीश के द्वारा आरोपी पर दोषसिद्ध होने के उपरांत आरोपी को 5 वर्ष सश्रम करावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया।

**खास बात**

- मृतका के साथ पति करता रहा अक्सर मारपीट, करता था प्रताड़ित

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 904 मि.मी. बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 904 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 879.6 मिमी से 24.4 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1126.6 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 718 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 1032.5 मिमी, बिल्हा तहसील में 795.3 मिमी, मस्तूरी में 812.8 मिमी, तखतपुर में 1111.8 मिमी, सीपत में 861 मिमी, बोदरी में 801.4 मिमी, बेलतरा में 846 मिमी, रतनपुर में 922.2 मिमी, सकरी में 981.6 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 831.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

### छात्रा से अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** भिलाई की छात्रा शहर लाकर ओयो होटल में अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, भिलाई की रहने वाली एक लड़की ने रिपोर्ट लिखाई। बोदरी परमेश्वर यादव पिता मल्लू यादव 20 साल भिलाई में रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान उनके बीच दोस्ती हो गई। इसी बीच युवक लड़की को घुमाने के लिए शहर लेकर आया और महाराणा प्रताप चौक स्थित ओयो होटल में ले जाकर शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह लगातार दैहिक शोषण कर रहा था। लड़की ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने इनकार कर दिया। लड़की ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। एएसआई राजेशधर दीवान ने बोदरी में दबिश देकर आरोपी मरमेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

### 11 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 11 साल से मारपीट के मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को तारबाहर पुलिस को सूचना मिली, मारपीट के मामले में 11 साल फरार स्थाई वारंटी इमलीपारा निवासी मनोज तिवारी पिता ललित तिवारी 54 साल पुराना बस स्टैण्ड में घूम रहा है। प्रधान आरक्षक प्रमोद कसेर ने पुराना बस स्टैण्ड में दबिश देकर मनोज तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। वारंटी मूलतः रीवा सतना का रहने वाला है और शहर छोड़कर फरारी काट रहा था।

### मनियारी नदी में युवक बहा, तलाश जारी

**बिलासपुर।** बाजार से लौटते समय एनीकट में पानी का बहाव तेज होने पर पैर फिसलने से एक युवक मनियारी नदी में बह गया। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम युवक के तलाश कर रही है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, ताला अमेरीकांपा निवसी बैठमार निषाद पिता मालिकराम निषाद 27 साल बुधवार की शाम मनियारी बाजार खरीददारी करने गया था। शाम को खरीददारी करने के बाद एनीकट पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक पानी का बहाव तेज हो गया। वह किसी तरह पैदल चलते हुए एनीकट पार करने की कोशिश कर रहा था। पानी का बहाव अधिक होने से पैर फिसलने से मनियारी नदी में गिरकर वह बह गया। युवक को नदी में गिरते देख लोगों ने शोर मचाया, जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पानी का बहाव अधिक होने से कोई नदीं में नहीं उतर पा रहा था। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम नदी में उतरकर युवक की तलाश में लगी।

ये है जूना बिलासपुर...



# यहां पैदल चलना भी मुश्किल

**बिलासपुर।** करीब 15 करोड़ खर्च कर बनाई गई शहर की सड़कें उखड़ने लगीं हैं। इसमें निगम की 4 तो पीडब्ल्यूडी की 10 सड़कें शामिल हैं। लगभग सभी सडकें गड्डों से भरी हैं कुछ जगहों पर सड़क से गिट्टी निकलने लगी है। इन उधड़ी सड़कों पर चलने से परेशानी हो रही है। अब अधिकारियों का कहना है कि जहां शिकायत मिल रही है वहां पेंचवर्क कराया जा रहा है। मिट्टी-गिट्टी डाली जा रही है। सड़कों की ठीक से मरम्मत का काम 15 अक्टूबर के बाद ही हो सकेगा। साफ है तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी टीएल की बैठक में इस बारे में निर्देश दिया है। सबसे खराब हालत गांधी चौक से कोतवाली वाली सड़क की है। यहां बाइक तो क्या पैदल चलना तक मुश्किल है। हर कदम पर गड्ढे हैं। दो दिनों से हो रही इस बारिश ने इन गड्डों में पानी भर दिया है। इससे परेशानी और बढ़ गई है। गड्डे दिखाई नहीं पड़ते और इसमें गिरकर दुर्घटना भी हो रही है। खास तौर पर हटरी चौक से लेकर गांधी चौक तक की हालत तो और खराब है। यहां के व्यापारी भी परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि सड़क खराब होने से व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। सड़क बनाने की मांग कई बार निगम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से की गई लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। कई बार रिक्शा और आटो रिक्शा पलट चुके हैं। दोपहिया सवार तो रोज ही गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं।

### बारिश ने खोल दी दावों की पोल

ध्यान रहे कि गुणवत्ता के लाख दावों के बीच कहा गया था सड़कें जल्दी खराब नहीं होंगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। करोड़ों में बनी सड़कें बारिश नहीं झेल सकी। सड़कों पर डामर के नाम पर केवल पोताई की गई। बेस मजबूत नहीं किया गया और हाल यह रहा कि सड़कें उधड़ने लगीं। देखा जाए तो बिलासपुर शहर भले ही स्मार्ट सिटी की राह पर हो, लेकिन इस बारिश ने इसका एक तरह से मुखौटा उत्तार दिया है। शहर की दस से ज्यादा मुख्य मार्गों की सड़के गड्ढ़ों से भरी पड़ी है।

# खूंटाघाट लबालब, फिर से चल रहा वेस्ट वियर

## 16 जुलाई से प्रारंभ हुआ था वेस्ट वियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिनों की तेज बारिश के बाद खारंग जलाशय खूंटाघाट एक बार फिर लबालब हो चुका है, जिससे बांध से वेस्ट वियर की स्थिति निर्मित हो चुकी है। बांध में इस साल 16 जुलाई को पहली बार वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था, जिसके बाद विभाग द्वारा दोनों तटनहर के गेट खोल दिए गए थे। तेज बारिश के प्रभाव से बांध में फिर 103 प्रतिशत जलभराव के बाद अब दूसरी बार वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ है।

■ दो दिनों की लगातार बारिश का असर

इस साल बारिश का मौसम न केवल जल संसाधन विभाग, बल्कि पूरे जिले के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। खारंग जलाशय के एक ही सीजन में कई बार लबालब होने व लगातार डेढ़ महीने तक वेस्ट वियर की स्थिति को इसके पीछे कारण माना जा सकता है। इस साल समय से पहले मानसून आ जाने व पर्याप्त बारिश होने के कारण खूंटाघाट बांध में पर्याप्त जलभराव हो गया व वेस्ट वियर की स्थिति निर्मित हुई। विभाग के अनुसार जलाशय में 16 जुलाई को पहली बार वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था। विभाग द्वारा वेस्ट वियर के साथ-साथ पानी को दोनों तटनहरों के माध्यम से भी बहाने का किसान हित में बेहतरीन निर्णय लिया गया, जिसका धान की फसल के लिए पानी चाहने वाले किसानों को भरपूर लाभ भी मिला। इधर जिले में रविवार रात से प्रारंभ हुई बारिश ने सोमवार रात तक अपना खासा असर दिखाया, जिससे जलाशय में फिर 103 प्रतिशत जलभराव की स्थिति निर्मित होने के बाद वेस्ट वियर प्रारंभ हो चुका है। विभागीय जानकारी के अनुसार 16 जुलाई से लेकर आज दिनांक तक इस साल केवल दो दिनों के लिए ही जलाशय से वेस्ट वियर बंद हुआ था, लेकिन अब दूसरी बार पुनः यही स्थिति निर्मित हो गई है। यह जिले के लिए सुखद स्थिति कही जा सकती है।



### चालू हो गया है वेस्ट वियर

इस साल 16 जुलाई को पहली बार बांध से वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था, तब से अब तक लगातार वेस्ट वियर चल ही रहा था। इस दौरान केवल दो ही दिनों का गैप आया था, लेकिन बीते दो दिनों से हुई तेज बारिश के बाद बांध फिर लबालब हो चुका है व दूसरी बार वेस्ट वियर प्रारंभ हो चुका है।

-**मधु कुमार चंद्रा,** ईई, खारंग जलसंसाधन संभाग

## भिलाई की ठेका कंपनी पर बैंक गारंटी की राशि जब्त करने की कार्रवाई भी निगम ने की

# 5 साल से अटकी पड़ी 35 करोड़ की योजना का टेंडर निरस्त, अब बनेंगे 700 मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गटर बने तालापारा के मिनीमाता तालाब और मेढ़ के चारों ओर बेजा कब्जा में बनी झुग्गियों की हालत बदलने स्मार्ट सिटी ने 35 करोड़ की योजना 5 साल पहले बनाई गई। इसके लिए वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका था, लेकिन अब इसका टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब निगम ने यहां नई योजना लांच की है। यहां अब मकान साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी) के तहत बनाए जाएंगे। निगम ने इस का प्रस्ताव बनाते हुए शासन के पास भेजा है। ध्यान रहे कि एएचपी अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशीप है। यह केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) के तहत एक घटक है। इस योजना के तहत, सार्वजनिक और निजी एजेंसियां मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए किफायती घर बनाती हैं। केंद्र सरकार ऐसे घर बनाने के लिए प्रति घर 1.5 लाख तक की केंद्रीय सहायता प्रदान करती है, बशर्ते परियोजना में कम से कम 35 प्रतिशत घर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हों।

■ केंद्र सरकार ऐसे घर बनाने के लिए प्रति घर 1.5 लाख तक की केंद्रीय सहायता प्रदान करेगी

ज्ञात हो कि तालाब के पास ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 700 आवासों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 12.50 करोड़ का वर्क ऑर्डर बीएसबी, भिलाई को 5 साल पहले दिया गया था। इस योजना के तहत झुग्गियों में रहने वालों को मात्र 5 हजार रुपए की पंजीयन राशि तथा शेष 70 हजार रुपए किस्त में लेकर 5 लाख की लागत के पक्के मकान दिए जाने थे। मामला 5 साल लेकिन अटका पड़ा रहा। ठेकेदार पुरानी कीमत पर काम करने को तैयार नहीं था और 20 प्रतिशत से अधिक का दर मांग रहा था। निगम इसे देने को तैयार नहीं था।। निगम ने लेटलतीफी के बाद ठेकेदार का टेंडर निरस्त करते हुए अमानत राशि जब्त कर ली है।



तालापारा में अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

### फैक्ट फाइल

- 17 एकड़ तालाब की जमीन
- 1300 झोपड़ी
- 35 करोड़ होगें खर्च
- 450 लोगों को मिलेगा आवास योजना का मिलेगा लाभ
- 891 लोग आईएचएसडीपी योजना के तहत शिफ्ट हुए

### राशि जब्त की गई है

पुराने ठेकेदार का टेंडर निरस्त करते हुए अमानत राशि जब्त कर ली गई है। अब तालापारा में मकान एएचपी योजना के तहत बनाए जाएंगे। निगम ने इस का प्रस्ताव बनाते हुए शासन के पास भेजा है। यह योजना केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) के तहत एक घटक है। इस योजना के तहत, सार्वजनिक और निजी एजेंसियां मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए किफायती घर बनाती हैं।

- **अमित कुमार,** निगम आयुक्त

### घरों का क्षेत्रफल कुल 30-45 वर्ग मीटर का रहेगा

निगम के मुताबिक एएचपी योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और निजी क्षेत्र की निर्माण कंपनियां मिलकर ईडब्ल्यूएस घर बनाएंगी। केन्द्र सरकार द्वाराप्रत्येक ईडब्ल्यूएस घर के लिए 1.5 लाख की वित्तीय सहायता दी जाएगी जिससे निर्माण लागत कम हो जाएगी। बनने वाले घरों का क्षेत्रफल कुल 30-45 वर्ग मीटर का रहेगा। निगम के मुताबिक ईडब्ल्यूएस श्रेणी के पात्र लाभार्थी इन घरों को खरीद सकते हैं। निगम ने शासन के पास प्रस्ताव भेज दिया है। फिलहाल जिन 450 लोगो को प्रधानमंत्री योजना के तहत तालापारा में ही मकान बनाकर दिया जाना था वे आज भी बेघर हैं और अपने आवास के लिए भटक रहे हैं।

### पूरे तालाब का पानी गंदा हो चुका

तालाब की हालत की बात करें तो नवंबर 2021 में दूषित पानी पीने से 2 लोगों की मौत के बाद किनारे के तीन बोर बंद कर दिए गए थे क्योंकि तालाब का गंदा पानी बोर में आने लगा था। अब यहां से लोगों को शिफ्ट कर दिया गया है। तालाब में लगातार गंदगी फेके जाने और सफाई के अभाव के कारण पूरे तालाब का पानी गंदा हो चुका है। हाल तो यह हैं कि तालाब बड़ी-बड़ी घास और जनलकुंभी से पटा चुका है। रखरखाव और ध्यान नहीं देने के कारण तालाब का पानी भी दूषित हो गया है। गौरतलब है कि तालाब का क्षेत्र 17 एकड़ का है। इसके चारों ओर विकास कार्य किया जाएगा। तालाब और आसपास लगभग 1300 झोपडियां हैं।

# दो मकानों व गणेश पण्डाल में चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोर गिरोह ने धावा बोलकर रेलवेकर्मी के मकान सहित दो सूने मकानों से सोने चांदी डायमंड के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली। वहीं गणेश पण्डाल से पीतल के बर्तन व दानपेटी से नकद रकम चोरी कर ली गई।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे कालोनी बंगला यार्ड निवासी कुलदीप कुमार शुक्ला प्राइवेट काम करते हैं और उनकी पत्नी शिखा पाण्डेय रेलवे में टेक्नीशियन हैं। 1 सितंबर उनकी पत्नी शाम 6 बजे घर आईं और घर के दरवाजे में ताला लगाकर सब्जी खरीदने बाजार चली गईं। शाम 8 बजे वापस घर आईं तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखी तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी खुली हुई थी। लाकर में रखा सोने का मंगलसूत्र, बाली, पायल एवं डायमंड गोल्ड पेण्डेन्ट व 3 हजार रुपए नकद रकम की चोरी हो गई थी। श्रीमती शुक्ला ने चोरी की जानकारी अपने पति को दी। उसने बाद श्री शुक्ला ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उनके घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।



रेलवे का वह मकान जहां चोरी हुई।

### नगर निगम ड्राइवर के घर चोरी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला राजाबाड़ा निवासी तिलकेश पटेल पिता रामस्वरूप पटेल नगर निगम उद्यान विभाग में ड्राइवर हैं।1 सितंबर को वे खेती के काम से गांव चले गए थे। 2 सितंबर को पड़ोसी संगीता केंवट ने फोन कर बताई उनके घर में चोरी हो गई है। वे गांव से लौटकर देखे तो उनके घर से 25 हजार रुपए नकद, सोने का माला, 3 जोड़ी पायल, चांदी का ताबीज की चोरी हो गई थी।

### गणेश पंडाल में चोरी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, ओमनगर जरहाभाठा निवासी जलेश्वर सूर्यवंशी ने घर के मंदिर में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की है। गणेश पण्डाल से चोरों ने पीतल का कलश लोटा, तीन पीतल लोटा, दो घण्टी, दान पेटी से 2 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा है।

### रेल सफर का डिजिटल साथी रेलवन एप शुरु


**बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधा और डिजिटिल सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन शुरु किया गया है। यह अत्याधुनिक ऐप उपयोगकर्ताओं को सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यात्रियों को ऐप की उपयोगिता से जोड़ने के लिए कामर्शियल विभाग प्रचार प्रसार कर रही है। इसके तहत बुधवार को एसईसीएल बिलासपुर कार्यालय एवं साइंस कालेज में ऐप का व्यापक प्रचार किया गया। इसमें जनरल, रिजर्वेशन एवं प्लेटफार्म टिकिट की बुकिंग, यात्रियों को ट्रेन की वर्तमान स्थिति, सफर के दौरान मनपसंद भोजन आनलाइन आर्डर कर बर्थ पर प्राप्त हो सकते हैं। इसके अलावा अन्य सुविधा भी रेलवन एप में दी गई है।

# पूजा स्पेशल में दी जाएगी कनफर्म बर्थ

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पूजा पर्व पर 6 विशेष ट्रेनों का संचालन करने जा रही है, जिसमें यात्रियों को 90 हजार कंफर्म अतिरिक्त बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन विशेष ट्रेनों में वातानुकूलित कोच, स्लीपर कोच, सामान्य श्रेणी के कोच लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को उनकी आवश्यकता एवं सुविधा अनुसार सफर करने का अवसर प्राप्त हो सके। रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली विशेष ट्रेनों में 08865/08866 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से शालीमार 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक, 08760/08761 दुर्ग-निजामुद्दीन साप्ताहिक पूजा स्पेशल 5 अक्टूबर से 24 नवंबर तक, 08261/08262 बिलासपुर-यलहंका साप्ताहिक उत्सव स्पेशल एक्सप्रेस 9 सितम्बर से 19 नपवंबर तक, 08763/08764 दुर्ग-सुल्तानपुर पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 13 सितम्बर से 30 नवंबर तक, 08897/08898 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक, 08795/08796 दुर्ग-पटना दीपावली पूजा स्पेशल एक्सप्रेस 19 से 20 अक्टूबर तक शामिल है।

# एक लाख रुपए से भरे बैग लौटाने वाले ढाबा संचालक को एसपी ने किया सम्मानित

**बिर्रा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने सिलादेही के दादू ढाबा के मालिक भूपेंद्र साहू के द्वारा एक लाख रुपए से भरा बैग उसके मालिक को सकुशल लौटाने पर एसपी कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया। बीते 22 अगस्त को बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलादेही के दादू ढाबा में जैजैपुर निवासी ध्रुव कुमार अग्रवाल एक बैग में रखे 1 लाख रुपए को दादू ढाबा सिलादेही में भोजन के पश्चात जल्दबाजी के चक्कर में भूल गया। दादू ढाबा सिलादेही के संचालक भूपेंद्र साहू ने बिना किसी लाभ या मोह किए बिना ही उन्होंने थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू को देते हुए थाना में जाकर एक लाख रूपये को जमा कर दिया। इसके साथ ही थाना में रुपए जमा करने के बाद उक्त रुपए को पैसा मालिक ध्रुव कुमार अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल निवासी जैजैपुर को सकुशल लौटाया गया। उनके इस नेक कार्य से प्रभावित होकर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में 1 सितंबर को दादू ढाबा सिलादेही के मालिक भूपेंद्र साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा की आम नागरिकों को सम्मान देने पर पुलिस और जनता के बीच में विश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप उपस्थित थे।



# स्पा सेंटर में देह व्यापार, मैनेजर सहित 6 युवतियां 2 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आईपीएस कोतवाली सीएसपी ने तोरवा क्षेत्र के स्पा सेंटर में छापा मारकर मसाज की आड़ में चल रहे देह व्यापार के गोरखधंधे का भंड़ाफोड़ कर दिया है। स्पा सेंटर से 6 युवतियां, दो ग्राहक युवक व मैनेजर को पकड़ा गया है। पुलिस युवतियों से पूछताछ कर रही है।

आईपीएस कोतवाली सीएसपी गगन कुमार को शिकायत मिली जगमल चौक स्थित खुशी स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में देह व्यापार का गोरखधंधा चल रहा है। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों के साथ स्पा सेंटर में दबिश दी। यहां दो युवकों व युवतियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। मौके पर आपत्तिजनक सामान भी मिला। उन्होंने स्पा सेंटर से 6 युवतियों, दो ग्राहक युवक व मैनेजर गोल्डी नामक युवक को पकड़कर तोरवा पुलिस को सूचना दी। उसके बाद तोरवा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की छापामार कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उसके बाद पुलिस गाड़ी से युवतियां, दोनों युवक व मैनेजर को तोरवा थाने ले जाया गया। बताया जाता है पकड़ी गई युवतियों में कुछ लोकल और कुछ पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। पुलिस युवतियों से पूछताछ करने में लगी हुई है। देर रात तक पुलिस कार्रवाई करने में लगी हुई थी।



आईपीएस कोतवाली ने मारा छापा

### पूछताछ की जा रही

शिकायत पर स्पा सेंटर में छापामार कार्रवाई की गई है। 6 युवतियों, 2 ग्राहक युवक व मैनेजर को पकड़ा गया है। वहां युवतियों से अनैतिक काम कराया जा रहा था। युवतियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-गगन कुमार,** आईपीएस कोतवाली सीएससपी

### लगा 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी राहत

**बाराद्वार।** बाराद्वार में जनपद स्कूल के पास 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। नया ट्रासंफार्मर लगने से अब लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही अब घरों और दुकानों में निर्बाध रुप से बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। जनप्रतिनिधियों के प्रयास से बाराद्वार जनपद स्कूल के पास 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इसके लगने से वार्ड क्रमांक 9, 10, 7 और 8 के लोगों को लंबे समय से चली आ रही बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अजय सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने विद्युत विभाग को लगातार पत्राचार कर समस्या से अवगत कराया था। उनके प्रयासों के फलस्वरूप नया 200 केवी का ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुआ और शीघ्र ही स्थापित कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब घरों और दुकानों में बिजली की आपूर्ति सामान्य हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी पर पथराव करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाइक जब्त

**सूरजपुर।** अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऊंचडीह रेलवे क्रासिंग के पास परिजन के साथ बैकुण्ठपुर की ओर जा रहे कार का पीछा करने के साथ ही पथराव कर कार का शीशा तोड़ने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 बाइक को जब्त किया है। जामपारा में बैकुंठपुर निवासी राजेदर सूर्यवंशी पिता रामचंद्र सूर्यवंशी बसदेई चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दस अगस्त को कार में परिजन के साथ वाड्रफनगर से बैकुंठपुर जा रहे थे इस दौरान रात्रि में उचंडीह रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल से कार का पीछा कर कार पर पथराव किया जिससे कार का शीशा टूट गया और कार में बैठे लोगों के सिर एवं हाथ में चोटे आई। रिपोर्ट पर पुलिस धारा 296 (ई), 115(2), 324(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थीं। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी ग्राम सिरसी निवासी शोभनाथ राजवाड़े पिता सीताराम राजवाड़े, रवि राजवाड़े पिता कैलाश प्रसाद राजवाड़े, उत्तम राजवाड़े पिता उमेश राजवाड़े एवं ओमप्रकाश राजवाड़े पिता नंदलाल राजवाड़े को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर कार का पीछा करने में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जब्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक बालमुकुंद पाण्डेय, महेंद्र सिंह आरक्षक देवदत्त दुबे, निलेश जायसवाल, रामकुमार, अशोक केवट व राकेश सिंह शामिल थे।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, अपचारी बालक समेत चार गिरफ्तार




**अम्बिकापुर।** जिले के बतौली क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर लौट रही किशोरी और उसके साथी को बंधक बना लिया और दुष्कर्म किया। इस मामले की शिकायत किशोरी ने पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को 16 वर्षीया किशोरी अपने दोस्त के साथ बरगीडीह गई हुई थी और शाम को वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान बेलकोटा नर्सरी के समीप तीन युवक और एक नाबालिग बैठकर शराब पी रहे थे। रास्ते से गुजर रही किशोरी को देखकर आरोपियों की नियत बिगड़ गई और उन्होंने किशोरी और उसके साथी को रोक लिया और धमकाते हुए नर्सरी की ओर ले गए। इस दौरान आरोपियों कने किशोरी के दोस्त को पकड़कर उसके साथ मारपीट की और किशोरी के साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया। किशोरी ने आरोपी युवकों में से एक को पहचान भी लिया था। इस दौरान आरोपी किशोरी को डराने धमकाने के बाद भाग निकले। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजन को दी। मंगलवार को किशोरी ने परिजन के साथ बतौली थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही बेलकोटा निवासी विल्सन खेस, कुनाल केरकेट्टा, संजय खेस व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## निधन

### सुरेंद्र कैवर्त्य

**चैतमा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्राम्रीण कोरबा के महामंत्री व चैतमा निवासी अमरनाथ कैवर्त्य बड़े पुत्र सुरेंद्र कैवर्त्य का अकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चैतमा स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### टीएस मूर्ति



**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिक एवं एसईसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी टीएस मूर्ति (87) का मंगलवार को निधन हो गया। श्री मूर्ति सहायक प्राध्यापक टीव्ही नरसिम्हम के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### दिनेश कुमार गुप्ता



**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के होटल व्यवसायी दिनेश कुमार गुप्ता का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे राजेंद्र गुप्ता, राजू गुप्ता, मोहित गुप्ता के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को प्रातः 11 बजे पाली मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मौके पर पहुंची महापौर से चर्चा के बाद बिना अतिक्रमण हटाए वापस लौटी टीम

# अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम के साथ व्यापारियों ने किया जमकर बवाल



अतिक्रमण हटाते हुए निगम की टीम।

**निगम ने कोसाबाड़ी से हटाया बेजा कब्जा**



जिले में स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम भी तमाम उपाय कर रहा है। इसी के तहत कब्जा कर गंदगी फैलाने वालों को बेदखल कर नगर निगम इस स्थान पर दुकान का निर्माण करना चाहता है, ताकि कब्जा धारियों को व्यवस्थित किया जा सके। कोरबा शहर को खूबसूरत बनाने की दृष्टि से नगर निगम के तोड़ू दस्ते ने कोसाबाड़ी जोन में गीता देवी अस्पताल के सामने कब्जा करने वालों को बेदखल किया। कई दुकानों को हटाने की नोटिस के बाद भी जब किसी ने ध्यान नहीं दिया, तब मजबूरन निगम को यह कार्यवाही करनी पड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको में अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टिम के साथ स्थानीय व्यापारियों ने जमकर बवाल किया, जिसके बाद मौके पर पहुंची महापौर से चर्चा के बाद निगम की टीम बिना अतिक्रमण हटाए ही वापस लौट गई।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता टीम बालकों परसाभाटा चौक के आसपास लगे दुकानों को हटाने के लिए पहुंची हुई थीं। जैसे ही निगम की टिम ने एक दो दुकानों को हटाना प्रारंभ किया स्थानीय व्यापारियों की भीड़ लगने लगीं। इस दौरान निगम कर्मियों और व्यापारियों के बीच बवाल भी देखने को मिला। सूचना मिलने पर महापौर महापौर संजू देवी राजपूत को शिकायत मिली थी कि व्यापारियों के दुकानों को हटाया जा रहा हैं, जिसके कुछ देर बाद मौके पर महापौर संजूदेवी राजपूत पहुंची और स्थानीय लोगों से चर्चा की। चर्चा के बाद निगम की टीम बिना कार्यवाही किए दल बल के साथ वापस लौट गई। यहां बताना होगा कि परसाभाटा में अतिक्रमण किया गया है। परसाभाटा बाजार चौक में चारों तरफ छोटे बड़े दुकानें लगी हुई है, जिससे सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है, बड़े एवं भारी वाहनों का दबाव दिन भर बना रहता हैं, आए दिन इस मार्ग में दुर्घटनाएं होती रहती है। बाजार के दिनों में स्थिति और भी गंभीर बनी रहती है।

## आंगनवाड़ी केंद्र रामपुर में आयोजित किया विशेष जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढेंगुरनाला 2 आंगनवाड़ी केंद्र सेक्टर रामपुर में बुधवार को दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत संरक्षण अधिकारी रजनी मारिया द्वारा भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम और घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न विषय पर हितग्राहियों को जानकारी दी। साथ ही एचएआरडी संस्था के प्रतिनिधि राहुल साहू द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं मानव तस्करी बाल श्रम के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही पर्यवेक्षक द्वार पांच प्रकार के भोजन के बारे में जानकारी दिया गया। अंत में सभी के द्वारा बालविवाह मुक्त भारत के संबंध शपथ कराया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियतमा धांधी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सेक्टर रामपुर परियोजना कोरबा शहर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनएच 43 में तेज रफ्तार अनियंत्रित दो कारों में भिंड़त

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर संजयनगर में मोड़ समीप आज बुधवार की शाम तेज रफ़्तार अनियंत्रित दो कार में भिड़ंत हो गई है,घटना में दोनों कारों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है साथ ही एल्टो सवार चार लोगों को गंभीर चोट आने पर उपचार हेतु अंबिकापुर अस्पताल भेजकर भर्ती कराया गया है,प्राप्त जानकारी जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संजयनगर में ढाबा के समीप मोड़ पर बुधवार की शाम रायगढ़ से रामानुजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सागरपुर जा रहे मारुति नेक्सा एक्स एल कार क्रमांक सीजी 29 एडी 5564 एवं केनापारा पर्यटन स्थल से अंबिकापुर की तरफ जा रहे मारुति अल्टो कार क्रमांक सीजी 29 सीपी 1630 के साथ जोरदार टक्कर हो गई,इस सड़क दुर्घटना में एक्स एल कर का सामने का हिस्सा व एल्टो कार का साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सागरपुर गांव जाने वाले कार को चालक धर्मेंद्र देवांगन पिता वीर साय चला रहा था,वाहन में सागरपुर निवासी निर्मल,वीर साय, सुंदरी व ललिता सवार थे,जो बाल बाल सुरक्षित बच गए हैं,लेकिन साइड से तेज गति से टक्कर लगने से अल्टो कार में सवार शौर्य जायसवाल समेत चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।सूचना मिलते ही जयनगर थाना से प्रधान आरक्षक दीपक दुबे व आरक्षक रवि पांडेय तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंच घायलों को अंबिकापुर अस्पताल भिजवा दिया है।

## एसईसीएल ने अगस्त माह में 102 आश्रितों को दिया रोजगार

**कोरबा।** एसईसीएल कंपनी के दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को त्वरित रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में अगस्त 2025 माह में कंपनी ने 102 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। अगस्त माह में सर्वाधिक 21-21 नियुक्तियां बैकुंठपुर और चिरमिरी क्षेत्रों में की गईं। वहीं इस वर्ष अप्रैल 2025 से अब तक कुल 182 आश्रितों को नौकरी दी जा चुकी है। कंपनी द्वारा आश्रितों के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द नियुक्तियां सुनिश्चित की जा रही हैं। कंपनी के मानव संसाधन एवं सतर्कता विभागों के संयुक्त प्रयास से रोजगार प्रक्रिया में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि आश्रितों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और उनके प्रकरणों का त्वरित निपटारा हो सके। एसईसीएल प्रबंधन का कहना है कि आश्रितों के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित रोजगार उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकताओं में से एक है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## फायर एंड सेफ्टी जिफ्सा के छात्रों का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेंट जोसेफ इंटरनेशनल फायर एंड सेफ़्टी अकैडमी (जिफ्सा) ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उत्कृष्टता और सफलता इसकी पहचान बन चुकी है। चयनित होने छात्रों में विशाल साहू, ओमकार मोरे, राज उइके अब्दुल्ला उस्मानी शामिल है। संस्थान के अनेक होनहार छात्रों का चयन देश की प्रमुख औद्योगिक कंपनियों में सेफ्टी ऑफिसर के रूप में हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान की विश्वस्तरीय ट्रेनिंग व्यवस्था और विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। जिफ्सा का प्रशिक्षण परिसर 10 एकड़ में फैला है और इसे आधुनिक और व्यावहारिक सेफ्टी ट्रेनिंग सेंटरों में गिना जाता है। पिछले 30 वर्षों से यह संस्थान युवाओं को फायर और सेफ्टी क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रहा है। कोर्स के बाद छात्रों को 25 हजार से 35 हजार रुपये तक का प्रारंभिक वेतन मिल रहा है। साथ ही आवास, भोजन, यात्रा भत्ता, मोबाइल भत्ता जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। यह कोर्स ऑफलाइन, ऑनलाइन और पूर्णतः आवासीय (रेजिडेंशियल) स्वरूप में उपलब्ध है। संस्थान द्वारा हॉस्टल और मेस की समुचित व्यवस्था भी की जाती है, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान पूर्ण सुविधा मिल सके। जिफ्सा देशभर में 25 से अधिक ट्रेनिंग सेंटर कार्यरत हैं।

## आंतरिक परिवाद समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय में आंतरिक परिवाद समिति की बैठक प्राचार्य डॉ राजेंद्रसिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई उक्त बैठक में महाविद्यालयीन छात्रों को महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की आंतरिक विवाद को निपटाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर विशाखा गाइडलाइन के अनुसार कार्य करना एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया गया। उक्त बैठक में समिति के सदस्य अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने वर्तमान नए कानून के व्यापक प्रचार प्रसार एवं विधि संगत अन्य तथ्यों को अब तो बैठक में विस्तार पूर्वक बतलाया, समिति के सदस्य समिति के सदस्य रुक्मणी नायर ने भी अपने विचार रखे। बैठक में डॉ.पापिया चतुर्वेदी डॉ विनोद साहू, अमिता सक्सेना, वर्षा सिंह तंवर, अनीता तिर्की, इंदुमती बरेठ, पूनम साव कल्पना साहू उपस्थित रहे।

## ड्रेगन मार्शल आर्ट के बॉक्सर्स ने जीते 7 स्वर्ण, 4 रजत एवं 5 कांस्य पदक




पदक के साथ विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नेशनल थाई बॉक्सिंग कैडेट, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर प्रतियोगिता बनारस (वाराणसी) जो कि 29 से 31 अगस्त तक सनबीम स्कूल वाराणसी में आयोजित हुई। जिसमें सभी राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ी इस प्रतियोगता में भाग लिए। जिसमें पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ की टीम इसमें भाग ले रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दीपक प्रसाद के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से कुल 91 खिलाड़ी, 10 ऑफिसियल, 1 रिप्रेजेंटेटिव, 1 टीम कोच और 1 टीम मैनेजर इसमें शामिल थे।

जिले के ड्रैगन मार्शल आर्ट एकेडमी से कुल 10 बॉक्सर्स 4 ऑफिसियल की टीम ने इसमें भाग लिया। जिसमें रजल चक्रवती 28 किलो कांस्य पदक ,आयुष उरांव 32 किलो स्वर्ण पदक, अथर्व शर्मा 48 किलो कांस्य पदक, हर्ष यादव 50 किलो स्वर्ण पदक, शेन एलेक्स 55 किलो रजत पदक,आराध्या श्रीवास 63 किलो स्वर्ण पदक हर्षिता केवट 30 किलो स्वर्ण पदक, सामद्रिता चक्रवर्ती 55 किलो रजत पदक, दीपक रोहिदास 52 किलो स्वर्ण/ कांस्य पदक अनुज अग्रवाल 58 किलो रजत पदक, अभय यशवर्धन 55 किलो कांस्य पदक निखिल 72 किलो रजत पदक अभिषेक तिवारी+ 85 किलो स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं ऑफिसियल में नेशनल रेफरी का डिप्लोमा का डिग्री हार्दिक दुरेजा, एम डी आरिफ, अनुज अग्रवाल,मुस्कान जायसवाल को मिला और साथ ही मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सभी रेफरी को सम्मानित किया ।जिसमें छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक प्रसाद, सचिव राजेश कुमार, टीम कोच महेश देवांगन, टीम मैनेजर रविंद्र साहू ,संदीप शाह आदि सभी वहां पर उपस्थित थे।

## ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर निकाली गई बाइक रैली



**कटघोरा।** ईद मिलाद-उन-नबी पैगंबर हजरत मुहम्मद के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस्लाम के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह पर्व मुस्लिम कैलेंडर के तीसरे महीने, रबी-अल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान पैगंबर मुहम्मद के जीवन, शिक्षाओं और मानवता के प्रति उनके योगदान को याद करते हैं। नगर कटघोरा में भी हाफिज इरफान आलम गरीब नवाज कमेटी के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। रैली तहसील चौक से लगभग सौ मोटर सायकल में रैली का आयोजन किया गया। रैली हॉस्पिटल चौक, बस स्टैंड,हनुमान गड़ी से वापस होते हुए मेन रोड,पुराना बस स्टैंड होते हुए कसनियां में रैली समाप्त किया गया। रैली के आगे आगे पुलिस दल जिसमें थानेदार धरम नारायण तिवारी एवं एसआई सिंह रैली के पीछे दर्जनों पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से साथ साथ चल रही थी। इस दौरान हाफिज इरफान आलम ने बताया कि यह रैली मो पैगंबर की याद मनाया जाता है। शांति एवं अमन चैन के लिए दुआ भी मांगी जाती है। की सभी स्थानों में लोगों को शांति, अमन चैन मिले। मो पैगंबर की याद में रैली का आयोजन कर सामूहिक लंगर का आयोजन भी किया गया। जिसमें काफी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित रहे।



गणेश उत्सव समिति मड़वारानी।



नवयुवक गणेश उत्सव समिति अंजोरी पाली भैसमा।



नवयुवक गणेश उत्सव समिति सिदारपारा भैसमा



कारखाना का सेठ गणेशोत्सव समिति कारखाना एरिया कटघोरा




घंटाघर चौक में विराजे गणेश भगवान की प्रतिमा।

## पीजी कॉलेज में कक्ष निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज में सोमवार को अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, समिति के सभी सदस्य तथा कॉलेज प्राचार्य की उपस्थिति में भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर में नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को कक्ष संबंधी असुविधा से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ आगे होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सके। इस अवसर पर चंद्रलोक सिंह, डॉ.एसके गोभिल, सुशील कुमार गुप्ता, संदीप शुक्ला, केएस कंवर, केआर. टंडन सहित अन्य शामिल रहे।

आदेश 5 नियम 20 (1क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
निरा बाई यादव वगै....आवेदकगण
**विरूद्ध**
चन्द्र शेखर यादव वगै....अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्रं.- 06/25
पेशी दिनांक 22/09/2025, प्रो.नं. 23/25
जकेयुश कुजूर पिता-जोसेफ कुजूर निवासी-सेमरदुगु सर्व जिला कोरबा (छ.ग.) (वाहन स्वामी मो.सा.क्र. C.G.-12-BL-3158)
आवेदिकागण :- 1) निरा बाई यादव, पति स्व. अशोक कुमार उम्र 48 वर्ष, (2) बबलू यादव ग्राम पिता स्व. अशोक कुमार उम्र 30 वर्ष, (3) जनई यादव पिता स्व. लाल जी यादव उम्र 69 वर्ष, (4) श्याम बाई यादव पति- जनई यादव उम्र 64 वर्ष, निवासी वार्ड न. 06 यादव नगर तिफरा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर (छ.ग.) (5) शशी यादव पति सुशील कुमार यादव उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड न. (3) सांई नगर उस्लापुर थाना सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.), (6) रमा यादव पति सुनील यादव उम्र 24 वर्ष निवासी मटियारी थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) है।
अनावेदकगण क्र. 01 के द्वारा चालित वाहन मो.सा.क्र. C.G.-12-BL-3158 से दिनांक 05.08.2024 को अशोक यादव को दुर्घटना कारित करने से उसकी मृत्यु होने के संबंध में अनावेदकगण क्र. 02 जो उक्त वाहन का पंजीकृत स्वामी है तथा अन्य अनावेदकगण के विरूद्ध क्षतिपूर्ति राशि 47,37,500/- रूपये (सैतालिस लाख सैतीस हजार पांच सौ रूपये) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो. यान दुर्घटना दावा अधि. का प्रकरण संस्थित किया है। अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 22/09/2025 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजो सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जायेगा और यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।
आज दिनांक 03/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।
**(हरीशचंद्र मिश्र)**
**अतिरिक्त मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### सेजस उतरदा में प्राचार्य लहरे ने किया पदभार ग्रहण

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा में प्राचार्य जेपी लहरे ने किया पदभार ग्रहण किया। प्राचार्य जीपी लहरे के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं एसएमडीसी सदस्यों ने गुलाल लगाकर, माला पहनाकर एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान प्राचार्य श्री लहरे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर शिक्षा गुणवत्ता लाने के लिए प्रयास करना है। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष समोस सागर, व्याख्याता पीपी अंचल, पी खांडे उत्तम सिंह मरावी, नरेंद्र पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, नीलिमा सोनी, ममता मंडले, राकेश टंडन, सुधीर कुमार चंद्रा, निर्मला शर्मा, सुशीला पैगोर, ध्रुव शीलू, संदीप सूर्यवंशी, राजेंद्र कौशल, राजेंद्र कैवर्त्य, वंदना लहरे, अनीता मानिकपुरी, चंद्रप्रभा यादव, तरन्नुम निशा खान, नित्यानंद नेटी, नरेंद्र कुमार कंवर, अरविंद पैगोर, चंद्र दर्शन कुर्रे, गजानन, श्रीवास रमतीला अन्य उपस्थित थे।

### सांसद की पहल पर हरदीबाजार दीपका रोड में लाइटिंग का काम शुरू



**दीपका।** हरदीबाजार से दीपका थाना रोड में बिजली नहीं होने पर आए दिन अंधेरे में दुर्घटना होते रहती थी और कई लोगों ने जान भी गंवाई हैं। इस हादसा से ग्रामीण महिलाओं और आम जनमानस के साथ प्रभा देवी सिंह तंवर ग्रामीण जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस ने सैंकड़ों लोगों के साथ 10 माह पूर्व थाना चौक दीपका में चक्काजाम धरना दिया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत ने क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को अवगत कराया और एसईसीएल प्रबंधन के तरफ से महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने 6 माह के अंदर लाइटिंग का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जिसके फलस्वरूप लाइटिंग का कार्य शुरू हो गया है।

### पोड़ीकला में सोलर आधारित रिवर लिफ्ट सिंचाई संयत्र का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** ग्राम पोड़ीकला में वाटर संस्था के एचडीबीएफ द्वारा वित्तपोषित, निरांजली परियोजना जो कि पसान तहसील के 10 गांवों में पिछले 1 वर्ष से संचालित हैं के माध्यम से सोलर आधारित रिवर लिफ्ट सिंचाई संयत्र एवं भूमिगत पाईपलाईन योजना का लाभ किसानों को मिला। जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सुनीता आयाम, जनपद सदस्य आनन्द कुमार, वाटर संस्था के आजीविका विशेषज्ञ राजाराम माने के द्वारा किया गया। वाटर संस्था के नवीन बनकर ( टैक्निकल ऑफिसर) द्वारा बताया गया कि इस सोलर आधारित सिंचाई संयंत्र योजना के माध्यम बम्हनी नदी से पानी लिफ्ट करके ग्राम के 25 किसान परिवारों की लगभग 30 एकड़ भूमि सिंचित होगी और जहां पहले किसान वर्ष में सिर्फ एक बार खरीफ सीजन में फसल का उत्पादन ले पाता था। आज संयंत्र लग जाने के बाद से सभी 25 किसान अपनी भूमि पर पूरे वर्ष में धान के साथ साथ सब्जियों की 2 से 3 फसलों का उत्पादन लेने में और अपनी आजीविका में बढ़ोत्तरी करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में दीपक गोस्वामी, देवेन्द्र बैरागी, विजय सिंह, कृषक मित्र नरेंद्र मसराम, जगतपाल आयाम, विनोद कुमार पाण्डेय, विजय कुमार पोर्ते, अमरसिंह, हरिलाल, गणेश सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

### केंद्र सरकार से जिले को मिली सूची में डेढ़ लाख राशनकार्ड संदिग्ध

# जिले के पांच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों के राशनकार्ड किए जाएंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिन किसानों के पास पांच एकड़ से अधिक जमीन है उन किसानों के बीपीएल राशनकार्ड निरस्त किये जाएंगे। केंद्र सरकार से जिले के खाद्य विभाग को मिली राशनकार्ड की सूची में डेढ़ लाख राशनकार्ड संदिग्ध बताए गए हैं। ऐसे राशनकार्ड के हितग्राहियों के नाम पीएम किसान सम्मान निधि में दर्ज है। केंद्र से मिली सूची के आधार पर खाद्य विभाग ने ऐसे हितग्राहियों के राशनकार्ड का सत्यापन काम शुरु किया है।

**खास बात**

- खाद्य विभाग ने पीएम किसान में दर्ज किसानों का शुरू किया सत्यापन

पिछले एक माह से अपात्र एवं फर्जी राशनकार्ड को निरस्त करने की कार्यवाही राज्य शासन के निर्देश पर शुरु हो गई है। बोगस राशनकार्ड के आड़ में खाद्य बाजार की हो रही कालाबाजारी को लेकर शासन ने कार्यवाही शुरु की है। बीते जुलाइ्र माह में ही खाद्य विभाग को इसके निर्देश दिए गए थे। उस निर्देश के तारतम्य में खाद्य विभाग के द्वारा मृत हितग्राहियों के कार्ड निरस्त किये गये और जो महीनों से खाद्यान्न सामग्री नहीं ले रहे थे ऐसे हितग्राहियों के राशनकार्ड निरस्त किये गए लेकिन अब केंद्र सरकार से एक सप्ताह पूर्व खाद्य विभाग को ऐसे राशनकार्ड की सूची मिली है जिसमें डेढ़ लाख के राशनकार्ड संदिग्ध बताये गए हैं इतनी अधिक संख्या में राशनकार्ड के संदिग्ध बताये जाने की रिपोर्ट के बाद खाद्य विभाग हरकत में आ गया है केंद्र सरकार से भी ऐसे राशनकार्डों को निरस्त करने के आदेश दिए गए हैं। खाद्य विभाग के मुताबिक जिन राशनकार्डों को संदिग्ध बताया गया है उनमें अधिकतर उन किसानों के नाम है जिनके पास पांच एकड़ जमीन है। केंद्र सरकार के मुताबिक 5 एकड़ जमीन के भूस्वामी किसानों के राशनकार्ड भी निरस्त होंगे।



फाइल फोटो

**दिया जाएगा एपीएल कार्ड का दर्जा**

जिन बीपीएल कार्ड को निरस्त किया जाएगा उन्हें एपीएल राशनकार्ड का दर्जा दिया जाएगा। बीपीएल राशनकार्ड के आड़ में खाद्यान्न सामग्री की काला बाजारी बड़े पैमाने में शहरों की तर्ज पर ग्रामीण अंचलों में भी शुरु हो गए थे। अब ऐसे राशनकार्डों को निरस्त करने के बाद लाखों क्विंटल खाद्यान्न सामग्री की बचत होगी इसके साथ ही बीपीएल खाद्यान्न सामग्री के लिए प्रतिमाह खर्च होने वाली शासकीय राशि की भी बचत हो सकेगी।

**डेढ़ लाख कार्ड संदिग्ध**

जिले में 2 लाख 40 हजार एपीएल राशनकार्ड हैं, इनमें ग्रामीण अंचलों के राशनकार्ड भी शामिल हैं। केंद्र सरकार से जो सूची मिली है उसमें डेढ़ लाख बीपीएल राशनकार्ड संदिग्ध बताये गये हैं जिनकी जांच की जा रही है। पूर्व में मिले निर्देशों के तहत ढाई एवं पांच एकड़ वाले किसानों के नाम से राशनकार्ड बने थे। केंद्र से मिली सूची के आधार पर पांच एकड़ जमीन वाले किसानों के नाम से बने राशनकार्ड निरस्त होंगे।

**-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# 800 की आबादी वाला गांव जोह रहा सड़क निर्माण की बाट


गांव की कच्ची सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कुदरी चिंगार ग्राम पंचायत डोकरमान, की स्थिति आज भी बेहद दयनीय बनी हुई है। मेंन रोड सिलीभूढू से कुदरी चिंगार जोड़ने वाली सड़क पिछले 16 वर्षों से नहीं बनी, जिसके कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

लगभग 8 सौ की आबादी वाला यह गाँव वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर है। बरसात के दिनों में हालात और भी बिगड़ जाते हैं, जब कच्ची पगडंडी दलदल में तब्दील हो जाती है और लोगों को आने-जाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। गाँव के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सड़क निर्माण की मांग प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार जैसी बुनियादी सुविधाओं से सीधा संबंध रखने वाली सड़क न होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, बीमार मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुँचाना भी मुश्किल हो जाता है। ग्राम कुदरी चिंगार के ग्रामीणों का कहना है कि 16 साल से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है, लेकिन सड़क नहीं बनी।

# तराईमार में आयोजित हुई डांस प्रतियोगिता, 75 प्रतिभागी हुए शामिल


डांस प्रतियोगिता के आयोजक व प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

करतला विकासखंड अंतर्गत के ग्राम तराईमार में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत श्रीमती सावित्री अजय कंवर, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य घनश्याम राठिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच नुकेश राठिया ने किया। इस दौरान श्रीमती सावित्री अजय ने कहा कि मैं अतिथि बनकर नहीं आयी हूं मैं आप मन के सेवक बन के आयी हूं और मोर से जेतना काम हो सकही मैं करहुं। रविवार रात में डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 75 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डांस प्रतियोगिता में ग्रुप डांस में प्रथम पुरुस्कार 10001 रुपये, द्वितीय पुरुष्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 5001 रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार 3001 रुपये, पंचम पुरुस्कार 2001 रुपये, षष्ठम पुरुस्कार 2501 रुपये, सप्तम पुरुस्कार 2001 रुपये और एकल एवं युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 3001 रुपये, द्वितीय पुरुस्कार 2001 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपये पुरुस्कार रखा गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी ग्राम तराईमार और महिला समूह के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# क्यू आर कोड से अब मनरेगा कार्यों की मिलेगी पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों के लिए विशेष क्यूआर कोड तैयार कर लिए गए हैं। इन कोडों को पंचायत भवनों एवं प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जा रहा है। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन कोड को स्कैन कर मनरेगा के पिछले तीन वर्षों में हुए सभी स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

**खास बातें**

- ग्रामीण करेंगे सीधे योजना की निगरानी, डिजिटल पारदर्शिता की ओर बढ़ते सशक्त कदम
- ग्राम पंचायत भवन में चस्पा किए जा रहे हैं कोड

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग की देखरेख में इस डिजिटल पहल को लागू किया जा रहा है। यह व्यवस्था मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। क्यू आर कोड से मिलने वाली प्रमुख जानकारी में पिछले तीन वर्षों में गाँव में मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की सूची।प्रत्येक कार्य पर स्वीकृत राशि एवं व्यय का विस्तृत विवरण। प्रगतिरत कार्यों की स्थिति। जॉब कार्डधारियों की कुल एवं सक्रिय संख्या,100 दिनों का कार्य पूरा करने वाले श्रमिकों की जानकारी। सृजित कुल मानव दिवस एवं व्यय राशि आदि की जानकारी मोबाइल से मिल सकेगी। वही सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने बताया कि यह पहल ग्रामीणों को योजनाओं की सीधे निगरानी का अधिकार देती है। अब ग्रामीण स्वयं देख सकेंगे कि उनके गाँव में हुए विकास कार्यों पर कितना धन खर्च हुआ और किस स्तर पर उपयोग किया गया। इससे अनियमितताओं पर रोक लगेगी और योजनाओं पर जनता का भरोसा मजबूत होगा। वही यह प्रणाली न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, बल्कि ग्रामीणों को सशक्त सहभागी भी बनाती है। अब वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि अपने गाँव के विकास की प्रत्यक्ष निगरानी करने वाले बनेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की पारदर्शिता और जनभागीदारी की नीति को आगे बढ़ाते हुए, यह पहल कोरबा जिले के सभी जनपद पंचायतों में लागू की जा रही है। इससे विकास कार्यों की जानकारी हर ग्रामीण तक सहजता से पहुँचेगी और योजनाओं की प्रगति पर जनता की सीधी नज़र बनी रहेगी।


क्यूआर कोड चस्पा करती महिला।

# 16 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में चयन


चयनित खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी के अंडर-17 ग्रुप में मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको के 16 छात्रों का चयन हुआ है। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सभी टीमों को परास्त कर बेहतर खेल का प्रदर्शन करते है चयन सुची में अपना नाम शामिल किया है। चयनित खिलाड़ी जशपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाते नजर आएंगे, चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 7 सितंबर तक होगा जिसमें जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों का नेशनल्स के लिए चयन किया जाएगा। कोच गोपाल दास महंत के नेतृत्व में खिलाड़ियों की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने बुधवार को रवाना होगी, जहां वे प्रतियोगिता में अन्य टीमों के साथ भिड़ते हुए दिखेंगे।

# केंदई की सीमा पार कर हाथियों का झुण्ड पहुंचा पसान रेंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में हाथी विचरण कर लगातार उत्पात मचा रहे हैं। केंदई रेंज अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में विगत 4 दिनों से सक्रिय 26 हाथियों का झुण्ड बीती रात आगे बढक़र केंदई रेंज की सीमा को पार कर पसान रेंज के बनिया सर्किल स्थित जातापहाड़ पहुंच गए हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचने तथा चिंघाड़ लगाए जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन विभाग का अमला भी सतर्कता बरतते हुए हाथियों की निगरानी में जुट गया है। बनिया व आसपास के गांव में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों से हाथियों से दूरी बनाए रखने को कहा जा रहा है। हाथियों के झुण्ड ने यहां पहुंचने से पूर्व लालपुर गांव में जमकर उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में लहलहा रहे धान की फसल को रौंदकर तहस-नहस कर दिया। हाथियों के झुण्ड ने क्षेत्र में मौजूदगी के दौरान प्रतिदिन उत्पात मचाकर ग्रामीणों व वन विभाग की नाकों में दम कर रखा था। अब हाथियों के अन्यत्र जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।


फाइल फोटो

### कृतेश रेलवे जेई व पीडब्ल्यूडी के बने टॉपर



**कोरबा।** पत्रकार कैलाश सिंह राजपूत के पुत्र कृतेश प्रताप सिंह ने रेलवे आरआरबी की परीक्षा में जेई और व्यापम द्वारा लोक निर्माण विभाग, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर की परीक्षा में सफलता हांसिल की है। दोनों ही परीक्षा में कृतेश ने सामान्य कोटे से प्रवीण सूची में प्रथम स्थान बनाया है। कृतेश ने अपनी स्कूली शिक्षा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पूरी की है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### पूर्व में हुए सर्वे में मिले थे 42 सौ शाला त्यागी बच्चे, ग्राम पंचायत व नगरीय निकाय में हुआ था सर्वे

# दो साल से शाला त्यागी बच्चों का विभागीय सर्वे पड़ा है ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते दो वर्ष से जिले में शाला त्यागी बच्चों का सर्वे अभियान ठप्प पड़ा हुआ है। इससे पूर्व हुए सर्वे में 42 सौ बच्चे पूरे जिले में शाला त्यागी मिले थे। यह रिपोर्ट 2022 में हुए सर्वे के दौरान सामने आयी थी। जिसमें पांच साल के दौरान स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या शामिल हैं।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत शाला त्यागी और शाला अप्रवेशी बच्चों के सर्वे को लेकर राज्य सरकार ने 2022 में जब सर्वे कराया तो कोरबा जिले में ही 42 सौ बच्चे ऐसे सामने आये जो या तो पढ़ाई छोडञ्च् चुके हैं या शाला में प्रवेश ही नहीं लिए हैं। सर्वे के तहत दो चरणों में कार्य किए जाते हैं पहला 6 से 11 वर्ष तक दूसरा 11 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया जाता है इनमें 6 से 11 वर्ष के बच्चे प्रायमरी स्कूल के बच्चे शामिल रहते हैं तथा 11 से 14 वर्ष के बच्चों में मिडिल स्कूल में प्रवेश लेने वालों को शामिल किया जाता है। जिले के नगरीय निकायो सहित सभी पांच विकासखंड में संकुल समन्वयकों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सर्वे किया गया था। इस सर्वे के दौरान सभी शिक्षकों को प्रपत्र दिये गये जिसमें उन्होंने घर घर जाकर ऐसे बच्चों को चिन्हांकित करना था। जो पहली कक्षा में प्रवेश ही नहीं लिए हैं। इसके अलावा उन बच्चों को शामिल किया गया है जो कक्षा पांचवीं के बाद पढ़ाई छोड़कर मिडिल स्कूल में प्रवेश नहीं लिये हैं। सर्वे के दौरान यह बात सामने आयी थी कि अधिकांशतः दूरस्थ ग्रामीण अंचल के बच्चे स्कूल दूर होने के कारण प्रवेश नहीं लेते या फिर किसी कारणवश स्कूल जाना छोड़ देते हैं। दो साल सर्वे नहीं होने के कारण यह जानकारी सामने नहीं आ सकी है कि 2022 में हुए सर्वे के दौरान जो 42 सौ बच्चे शाला त्यागी व शाला प्रवेशी मिले थे उनमें कितने बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया गया था।


फाइल फोटो


**दो साल पूर्व हुआ था सर्वे**

शाला त्यागी बच्चों के लिए दो वर्ष पूर्व सर्वे चला था, उसके बाद से शाला त्यागी बच्चों के सर्वे को लेकर कोई निर्देश अभी शासन स्तर से नहीं मिला है। जिसकी वजह से नई जानकारियां सामने नहीं आ सकी है।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

**स्थायी पलायन भी मुख्य कारण**

ग्रामीण अंचलों से अधिकांशतः परिवार कमाने खाने के उद्देश्य से अन्य प्रदेशों की ओर परिवार सहित पलायन कर जाते हैं जिनमें उनके वे बच्चे भी शामिल रहते हैं जो स्कूल में दाखिला लिये रहते हैं या जिनकी उम्र स्कूल में प्रवेश की रहती है। ऐसे बच्चे पलायन की वजह से प्रवेश ही नहीं ले पाते या बीच में पढ़ाई छोड़कर चले जाते हैं। ग्राम पंचायतों में जब सर्वे अभियान शुरु किया गया था तब पलायन एक प्रमुख कारण सामने आया जिसमें परिजन बच्चों को साथ लेकर पलायन कर गये हैं। ऐसे बच्चों का दाखिला ही नहीं हुआ है या फिर बीच में स्कूल छोड़कर चले गए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411